लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.57

21 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

कपास भंडारण भांडागार

57. डॉ. टी.आर. पारिवेन्धरः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का किसानों के लाभ हेतु तमिलनाडु के पेराम्बलुर जिले में पेरूवालपुर में कपास भंडारण भांडागार और कॉटन स्पिनिंग कारखाना स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितने कपास भंडारण भांडागार स्थापित किए गए हैं; और

(घ) आज की स्थिति के अनुसार देश भर में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितने कपास भंडारण भांडागार चालू हालत में हैं ?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): तमिलनाडु के पेरामबलुर जिले में पेरूवालपुर में एक कपास भंडारण वेयरहाउस तथा कपास स्पिनिंग मिल की स्थापना करने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता है।

(ग): सरकार ने देश में कोई कपास भंडारण वेयरहाउस स्थापित नहीं किया है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता है।

****